आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

गुरुवार 17.07.2025 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – सरकार किसानों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना इस दिशा में एक और कदम है।
- हरेला पर्व पर शिक्षा विभाग ने रोपे डेढ़ लाख से अधिक पौधे। बरसात में पांच लाख पौध लगाने का लक्ष्य।
- सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा– उपनल के माध्यम से कार्यरत पूर्व सैनिक और उनके परिजनों का कल्याण, सरकार की प्राथमिकता।
- देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग, नैनीताल और बागेश्वर जिलों में आज कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी।

**प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इससे न केवल पिछड़े जिलों में फसल–उत्पादन में वृद्धि होगी बल्कि खाद्य उपलब्ध कराने वालों की आय में भी बढोत्तरी होगी। यह योजना नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम से प्रेरित है और अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है, जो विशेष रूप से कृषि तथा उससे संबद्ध क्षेत्रों पर केंद्रित है।

**शिक्षा विभाग पौधरोपण**

प्रदेश में लोकपर्व हरेला के अवसर पर शिक्षा विभाग की ओर से कल व्यापक पौधरोपण अभियान चलाया गया। प्रदेशभर के राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के सहयोग से अब तक डेढ़ लाख से अधिक पौधे रोपे जा चुके हैं। विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शिक्षा विभाग को बरसात के पूरे मौसम में कुल 5 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया है, जिसमें छात्र–छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों की भागीदारी भी सुनिश्चित कराने को कहा गया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हरेला पर विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में डेढ़ लाख पौधे रोपने का लक्ष्य रखा था। छात्र–छात्राओं और शिक्षकों ने लक्ष्य से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण प्रेम में अनूठा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन में विद्यालयों में 5 लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है, जिसे विशेष अभियान के तहत पूरा किया जाएगा। यह अभियान उत्तराखंड को हरित और समृद्ध बनाने की दिशा में एक प्रेरक प्रयास होगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल सती ने बताया कि विद्यालय परिसरों और आसपास के क्षेत्रों में पौधरोपण के लिए सभी अधिकारियों, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कार्मिकों को जिला और ब्लॉक स्तर पर आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

**रेडक्रॉस पौधारोपण**

बागेश्वर जिले में रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यों ने हरेला पर्व से एक माह तक ''एक पेड़ मां के नाम'' पर हर रोज पौधों का रोपण कर महीने में दस हजार पौधारोपण करने और उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया है। इसके तहत रेडक्रॉस भवन परिसर और आसपास के क्षेत्रों में एक हजार पौधारोपण कर इस अभियान की शुरूआत की गई। सोसाइटी के अध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने कहा कि हरेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जो हमें प्रकृति से जुड़ने और उसके संरक्षण का संदेश देती है। रेडक्रॉस सोसायटी हमेशा से ही मानवता की सेवा के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए भी तत्पर रही है।

कार्यक्रम में सोसाइटी के दो दर्जन से अधिक सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने केवल पौधे नहीं लगाए, बल्कि उन्हें पेड़ बनने तक संरक्षित करने की जिम्मेदारी भी ली। रेडक्रॉस की सक्रिय सदस्य गीता रावल ने भी इस पर्यावरणीय मुहिम में भाग लिया और इसे अत्यंत प्रेरणादायक बताया।

**एआई प्रशिक्षण**

केन्द्र सरकार दस लाख नागरिकों को निःशुल्क आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रशिक्षण प्रदान करेगी। इसमें ग्राम स्तर के उद्यमियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डिजिटल इंडिया के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नई दिल्ली में आयोजित जन सेवा केन्द्र दिवस कार्यक्रम में इसकी घोषणा की।

**सैनिक कल्याण मंत्री**

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में उपनल के प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर (से.नि.) जे.एन.एस बिष्ट के साथ बैठक कर उपनल कार्मिकों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान मंत्री ने कहा कि उपनल के माध्यम से कार्यरत पूर्व सैनिक और उनके परिजनों का कल्याण सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणा के क्रम में विदेशों में रोजगार दिए जाने की पत्रावली को प्राथमिकता पर शासन को प्रेषित किया जाए। उन्होंने उपनल कर्मियों की शासन स्तर पर लंबित समस्याओं का समाधान संबंधित विषय पर भी गंभीरता से दिखाते हुए जानकारी ली। श्री जोशी ने ने उपनल के माध्यम से कार्यरत कार्मिक की ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में मृत्यु की स्थिति में आश्रित को मिलने वाली 50 लाख रुपये की एकमुश्त सहायता राशि त्वरित रूप से लाभार्थियों को प्रदान किए जाने के निर्देश भी दिए। उपनल के प्रबंध निदेशक ने सैनिक कल्याण मंत्री को बताया कि उत्तराखंड के साथ ही अन्य 16 प्रदेशों में कार्मिकों की भर्ती और तैनाती की जा रही है।

**मौसम**

मौसम विभाग ने आज देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग, नैनीताल और बागेश्वर जिलों में कहीं—कहीं भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि उत्तरकाशी, चमोली, हरिद्वार, पिथौरागढ़, चम्पावत और ऊधमसिंह नगर जिलों में कहीं—कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इस बीच, प्रदेश के विभिन्न जिलों में रुक—रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है।

**नदी महोत्सव चम्पावत**

चम्पावत जिले में नदी महोत्सव के तहत गौड़ी, गंडक नदी के संरक्षण और जन—जागरूकता के लिए सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जागरूकता गोष्ठी, पौधरोपण, स्वच्छता अभियान और जन—जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गोष्ठी से हुई, जिसमें छात्र—छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स और विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रेरक वक्तव्य दिए गए। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने पर्यावरण को सांस्कृतिक पहचान बताते हुए प्रत्येक नागरिक को पेड़ लगाने और उसकी रक्षा का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई।